दिनांकः 07.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्र में नई सरकार के गठन को लेकर आज नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक–इंडी गठबंधन के नेताओं की बैठकों का दौर भी जारी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ईआरसीपी और ताजेवाला हैडवर्क्स परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के दिये निर्देश।
- मुख्यमंत्री ने बजट 2024–25 से पहले कर्मचारी महासंघों और संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ किया संवाद।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में अधिकतर स्थानों आया तेज़ अंधड़–आज आंधी–बारिश और कहीं–कहीं ओलावृष्टि की संभावना।

000

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए तीसरी बार सरकार बनाने की तैयारी कर रहा है। नई दिल्ली में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के नेता अलग–अलग बैठकें कर रहे हैं। आज नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिव सेना (शिंदे गुट), जेडी (एस) और एनडीए के अन्य घटक दलों के नवनिर्वाचित सांसद शामिल होंगे। एनडीए संसदीय दल की बैठक से पहले आज जनता दल यूनाइटेड संसदीय दल की बैठक भी होने वाली है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को मंत्रिमंडल गठन पर एनडीए सहयोगियों के साथ चर्चा करने की जिम्मेदारी दी गई है। कल श्री नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के साथ लंबी बैठकें की। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी, मनसुख मांडविया और अश्विनी वैष्णव के साथ–साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और विनोद तावड़े सहित अन्य लोग शामिल हुए। जदयू के कई नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। वहीं कांग्रेस ने कल पार्टी की कार्य समिति की बैठक बुलाई है। इससे पहले, कल इंडी गठबंधन के नेताओं के बैठकों का दौर भी जारी रहा।

000

लोकसभा सचिवालय ने 18वीं लोकसभा के लिये नवनिर्वाचित सांसदों के दिल्ली पहुंचने के मद्देनज़र विशेष इंतजाम किये हैं। एक विज्ञप्ति में सचिवालय ने कहा है कि सदस्यों के स्वागत और उनका निर्बाध पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाये गए हैं। समय की बचत और पेपर रहित डिजिटल प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए नवनिर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण ऑनलाइन इंटिग्रेटेड सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से किया जा रहा है। सचिवालय में नवनिर्वाचित सदस्यों् के लिए एस बी आई बैंक खाता खोलने, स्थाई पहचान पत्र और केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना कार्ड जारी करने के लिए भी प्रबंध किये गए हैं। 14 जून तक शनिवार और रविवार सहित रोजाना सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ईआरसीपी और ताजेवाला हैडवर्क्स परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को इन दोनों परियोजनाओं की रोजाना निगरानी करने को कहा है। मुख्यमंत्री कल जयपुर में इन परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को आगामी चार महीनों में ताजेवाला हैडवर्क्स परियोजना के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि ईआरसीपी परियोजना के तहत ईसरदा से रामगढ़ बांध की डीपीआर तैयार की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने परियोजना में बांरा में कूल नदी पर रामगढ़ बैराज, पार्वती नदी पर महलपुर बैराज, बूंदी में मेज बैराज, सवाईमाधोपुर में बनास नदी पर नीमोद राठौड बैराज और डूंगरी बांध, अजमेर में मोर सागर बांध तथा अलवर में जल भंडारण के लिए आवश्यक भूमि अवाप्ति की कार्रवाई जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए।

000

बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय का आज आठवां दीक्षान्त समारोह मनाया जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस भी है।

-------------

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। श्री शर्मा कल जयपुर में कर्मचारी महासंघों और संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बजट 2024–25 से पहले आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास, लोगों के कल्याण और समाज के उत्थान के कार्यों में कर्मचारियों की भूमिका से ही सरकार का आपणो अग्रणी राजस्थान का लक्ष्य पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आगामी बजट सभी वर्गों और हितधारकों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत और वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोरा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधी मौजूद रहे।

000

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर के इलेक्ट्रिकल विभाग ने ईवी व्हीकल के लिए एक चार्जिंग एडप्टर बनाया है। इसकी मदद से आने वाले समय में ईवी वाहन चालक कहीं पर भी अपनी गाड़ी सीमित संसाधन के बीच आसानी से चार्ज कर सकेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

-------------

000

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से कल रात मौसम पलट गया। राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में तेज रफ्तार से अंधड़ आया। इसके कारण विभिन्न स्थानों पर पेड़, होर्डिंग और बिजली के खंभे गिर गये। इससे बिजली आपूर्ति बाधित हुई और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सीकर में देर रात तेज़ अंधड़ चला। कोटपूतली बहरोड में भी तेज हवाओं के साथ धूलभरी आंधी चली। इससे दर्जनों गांवों की बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई। राजधानी जयपुर, बाड़मेर, टोंक, सवाईमाधोपुर, बारां, भीलवाडा, नागौर और कोटा में सुबह से धूलभरा मौसम बना हुआ है। जोधपुर ग्रामीण में सुबह आंधी का दौर चला। वहीं हनुमानगढ जिले में आंधी के बाद कई स्थानों पर हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। हमारी संवाददाता ने बताया कि लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली।

-----------

श्रीगंगानगर में कल शाम तेज रफ्तार से हवाएं चलीं। वहीं कुछ स्थानों पर बारिश भी हुई। बालोतरा में सुबह से बादल छाये हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज कई जगह आंधी बारिश और कहीं–कहीं ओलावृष्टि की संभावना है। बारिश की गतिविधियां नौ जून तक जारी रहेंगी।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से चलायी जा रही उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं।

000